प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों की कार्यवाही के घटते समय पर चिंता जताई, कहा–सदन के अधिक समय चलने से सार्थक और गम्भीर चर्चा संभव होगीं
- भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे–औपचारिक घोषणा आजं
- प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में 23 जनवरी को मेगा पीटीएम–65 लाख अभिभावकों की भागीदारी का लक्ष्यं
- प्रदेश के मौसम में बदलाव–कोटा, दौसा, अलवर, भरतपुर सहित कई जगह बादल छाये रहे–राजधानी जयपुर में बूंदाबांदीं

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि समय के साथ विधायिकाएं उन्नत हुई हैं तकनीक से लेकर जनता की सुगमता तक हर दृष्टि से हमारे विधानमंडल सशक्त हुए हैं श्री बिरला कल लखनऊ में 86वें पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह में बोल रहे थें श्री बिरला ने विधान मंडलों की कार्यवाही के घटते समय पर चिंता जताई उन्होंने कहा कि सदन जितने अधिक समय चलेगां उतनी ही अधिक सार्थक और गम्भीर चर्चा संभव होगीं

.....

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारी का पद दलगत राजनीति से ऊपर होता है इसलिए उसका आचरण न्यायपूर्ण और निष्पक्ष होना चाहिएं सम्मेलन में आज विधायी प्रक्रियाओं में तकनीक का उपयोग विधायकों की क्षमता निर्माण और जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगीं

00000

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगें पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम ही प्रस्तावित किया गया है हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगीं श्री लक्ष्मण ने बताया कि नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट प्राप्त हुए हैं जांच में सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए और वैध पाए गएं

00000

सेना की दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बदलते भू राजनैतिक परिदृश्य में समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर दिया हैं आर्मी कमांडर कल जयपुर मिलट्री स्टेशन में सेना दिवस परेड 2026 के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों के सम्मान समारोह में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि सेना और सिविल संस्थाओं के बीच मजबूत समन्वय जरूरी हैं

.....

समारोह में आर्मी कमाण्डर ने सिविल प्रशासन, पुलिस खुफिया एजेन्सियों, सैन्यकर्मियों और सेवानिवृत सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किएं इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला समेत 13 सिविल अधिकारियों को आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गयां

00000

रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि इस वर्ष नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 77वीं गणतंत्र दिवस परेड के लिए लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया हैं इनमें आय और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और विभिन्न सरकारी पहलों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं मंत्रालय ने कहा कि इन अतिथियों को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मान देने और राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आमंत्रित किया गया हैं विशेष अतिथियों में विश्व एथलेटिक्स पैरा चैंपियनशिप के विजेता, पीएम स्माइल योजना के तहत पुनर्वासित ट्रांसजेंडर और भिक्षुक, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान भी शामिल हैं

0000

प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में 23 जनवरी को एक साथ मेगा पीटीएम आयोजित की जायेगीं इसमें अभिभावक अपने बच्चों के शैक्षणिक, सह–शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी शिक्षकों से साझा मंच पर प्राप्त करेंगें इस ऐतिहासिक आयोजन में 65 लाख अभिभावकों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं यह कार्यक्रम राज्य का अब तक का सबसे बड़ा शैक्षिक सहभागिता आयोजन होगां इसके साथ ही अभिभावकों की सहभागिता के मामले में भी एक निर्णायक कदम होगां कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल, शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने कल जयपुर में शिक्षा संकुल में बैठक कीं उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन कॉमर्स कॉलेज, जयपुर में किया जाएगां इसमें निःशुल्क साइकिल वितरण और लगभग 4 लाख बालिकाओं को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण तथा 6 लाख विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्टेशन वाउचर की राशि प्रदान की जायेगीं

0000

प्रदेश में मातृ और शिशु पोषण तथा स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए प्रेरणा अभियान की शुरूआत की गई हैं महिला और बाल विकास विभाग की ओर से कल से एक महीने के इस अभियान की शुरूआत की गईं अभियान के तहत आईसीडीएस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं, 6 ताक के बच्चों का पंजीकरण किया जायेगां आकांक्षी जिलों में किशोरियों का भी रजिस्ट्रेशन किया जायेगां डिजिटल पंजीकरण के माध्यम से उनकी पोषण संबंधी जानकारी और स्वास्थ्य की निगरानी की जायेगीं

0000

कोटपूतली–बहरोड में पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साईबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले मास्टर मांइड को गिरफ्तार किया हैं जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खैरथल तिजारा के हरसोरा मउ पीपली और कोटखासिम में कई जगह दबिश देकर 40 संदिग्धों को पकडा गया हैं उन्होंने बताया कि गिरोह का सरगना सुरेश सेन अब तक सैंकडो युवको को साईबर ठगी करने वाले कॉल सेंटरों में काम करने के लिए वियतनाम, थाइलैण्ड और कम्बोडिया भेज चुका हैं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके लिए ऑपरेशन साईबर मुक्ति चलाया गयां

.....

0000

प्रदेश में कई स्थानों पर कल से मौसम में बदलाव नजर आया हैं कोटा, दौसा, अलवर, भरतपुर सहित कई जगह बादल छाये रहे और हवायें चलीं राजधानी जयपुर में भी बादल छाये रहे और दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई वहीं बीकानेर, भरतपुर, टोंक और अलवर में घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रहीं बारां और चूरू आज भी घने कोहरे की चपेट में हैं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 22 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं इससे जयपुर, भरतपुर और शेखावाटी क्षेत्र में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना हैं

0000

69वीं स्कूल नेशनल अंडर 19 वूशू प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 पदक जीतें मणिपुर के इम्फाल में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक के साथ पहला स्थान और बालक वर्ग में दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ राजस्थान की टीम दूसरे स्थान पर रहीं

0000